हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान

अधिकतम 38 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री


11 मां शीतला की नई मूर्ति का जड़ी बूटियों से हुआ महाअभिषेक





12 शहर की नालियों की हो रही युद्धस्तर पर सफाई...




## खबर संक्षेप

### 26 अप्रैल तक शुष्क दिवस घोषित

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देजनर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने



निर्वाचन कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 24 से 26 अप्रैल तक की अवधि को शुष्क दिवस घोषित किया है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर जिले की देशी मदिरा दुकान छाती, नगरी, कम्पोजिट बठेना वार्ड, दानीटोला, धमतरी मेन, हटकेश्वर, नहर नाका, नवागांव वार्ड, सुन्दरगंज, आमदी, रावां, सोरम, भखारा, कुरूद, मगरलोड, नगरी, प्रीमियम शॉप बठेना चौक धमतरी, एफ.एल.3-हरियाली रेस्टोरेन्ट एवं बार गोकुलपुर वार्ड, रूद्री रोड धमतरी, होटल फेमिली ढाबा बार एण्ड रेस्टोरेंट, बस्तर रोड धमतरी, कुरूद रायपुर रोड, एफ.एल.4 (क) व्यवसायिक क्लब द रायले रिम्मिज सोशल क्लब रूद्री रोड, धमतरी, मद्य भाण्डागार धमतरी को सील बंद कर दिया गया है।

### सड़क हादसे में किशोर की मौत

**धमतरी।** रात्रि में साथियों के साथ टहल रहे एक किशोर को तेज रफ्तार पिकअप ने अपनी चपेट में ले



लिया। इस घटना में युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अमन साहू पिता ईतवारीराम 14 वर्ष ग्राम कुम्हारखान थाना पुरुर निवासी 19 अप्रैल की रात्रि लगभग 11 बजे अपने साथियों के साथ गुरुर मुख्य मार्ग पर पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप के चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर अमन को ठोकर मार फरार हो गया। घटना में अमन के सिर, पैर में गंभीर चोट लगी थी। उसे उपचार के लिए पुरूर अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर किए जाने पर घायल को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

### निर्वाचन कर्मचारी की ड्यूटी में असहयोगात्मक व्यवहार की निंदा

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन ने निर्वाचन अधिकारियों की ड्यूटी में उपेक्षापूर्ण एवं असहयोगात्मक व्यवहार के विषय में जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र सौंपा है। फेडरेशन के जिला संयोजक मुकेश पांडेय, महासचिव लक्ष्मण राव मगर ने बताया कि कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में जिले के 28 से अधिक पंजीकृत कर्मचारी अधिकारी संघ से सम्बद्धता रखते हैं। जिले के कर्मचारी अधिकारियों ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में अपनी जिम्मेदारियों का सफल निर्वहन करते हुए छग में अपनी विशिष्ट छवि बनाई है। फेडरेशन ने बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपे पत्र में कहा है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देश के परिपालन में निर्वाचन दल से पृथक रखने योग्य कर्मचारियों की सूची प्रथम प्रशिक्षण के पश्चात सम्प्रेषित की गई थी। लेकिन उन्हीं कर्मचारियों को द्वितीय प्रशिक्षण में लगाया गया। तब जिला फेडरेशन ने पुनः आवेदन किया फिर भी तृतीय प्रशिक्षण के लिए 60 वर्ष से अधिक, शारीरिक रूप से गंभीर बीमार कर्मचारियों को बुलाया गया। मानवीय दृष्टिकोण का पालन नहीं करते हुए पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे यह प्रतीत होता है कि कर्मचारियों के साथ व्यवहार उपेक्षा पूर्ण एवं असहयोगात्मक रहता है जिससे कर्मचारी जगत में आक्रोश व्याप्त है। फेडरेशन ने इसकी घोर निंदा की है।

## महासमुंद लोकसभा सीट से 17 तथा कांकेर लोकसभा सीट से 9 प्रत्याशी मैदान में

# थम गया चुनाव प्रचार, कल होगा मतदान

■ महासमुंद में 8 निर्दलीय, 6 क्षेत्रीय पार्टी, 3 राष्ट्रीय पार्टी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बुधवार की शाम 6 बजे जिले में चुनावी शोरगुल थम गया है। जिले में धमतरी तथा कुरूद विधानसभा के मतदाता महासमुंद लोकसभा तथा सिहावा विधानसभा के मतदाता कांकेर लोकसभा के लिए मतदान करेंगे। महासमुंद लोकसभा के लिए 17 प्रत्याशी तथा कांकेर लोकसभा के लिए 9 प्रत्याशी मैदान में हैं।

लोकसभा चुनाव में जिले के 6 लाख 30 हजार 339 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। धमतरी में 2 लाख 23 हजार 456 तथा कुरूद विधानसभा में 2 लाख 11 हजार 447 मतदाता महासमुंद लोकसभा के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं सिहावा विधानसभा के 1 लाख 95 हजार 436 मतदाता कांकेर लोकसभ के लिए वोटिंग करेंगे। वोटिंग के लिए जिले में कुल 753 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। तीनों विधानसभा में 10-10 संगवारी बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों में महिला अधिकारी तथा कर्मचारी की ड्यूटी लगेगी। मतदान कराने के लिए जिले में 2500 से अधिक अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगी है जिन्हें मतदान दलों, सेक्टर, आफिसर, एफएसटी, वीएसटी तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी दी गई है।





### मतदान केन्द्रों की सीसी टीवी कैमरे से निगरानी

निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के करीब 50 फीसदी मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। ये कैमरे निगरानी तथा सुरक्षा के मद्देनजर लगाए गए हैं। सभी केन्द्रों में लोकसभा निर्वाचन केन्द्रों का नाम क्रमांक, विधानसभा निर्वाचन केन्द्र का नाम एवं क्रमांक, मतदान केन्द्र में सम्मिलित केन्द्र मतदान की तिथि, मतदान का समय, कुल मतदाताओं की संख्या का उल्लेख किया गया है। गोकुलपुर स्कूल स्थित मतदान केन्द्र में मौजूद शिक्षिका ने बताया कि मतदान में ड्यूटी करने वाले अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति 25 अप्रैल को होगी। उनके रात्रि विश्राम के लिए गद्दा, पेयजल के लिए मटकियों में पानी की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

### आज मतदान दलों को सामग्री का होगा वितरण

लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान 26 अप्रैल को होगा। मतदान दिवस के एक दिन पूर्व मतदान दलों को सामग्री वितरण केन्द्र से रवाना किया जायेगा। चुनाव में जाने से पूर्व मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारियों 25 अप्रैल को प्रातः 6 बजे सामग्री का वितरण भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज रूद्री धमतरी में किया जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी दल के सदस्यों एवं प्रमुखों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

### महासमुंद लोकसभा में 17 प्रत्याशी

| प्रत्याशी | पार्टी | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| ताम्रध्वज साहू | कांग्रेस | हाथ |
| बसंत सिन्हा | बसपा | हाथी |
| रूपकुमारी चौधरी | भाजपा | कमल |
| गणेश राम ध्रुव | हमर राज पार्टी | बाल्टी |
| चम्पालाल पटेल | राइट टू रिकॉल प्रेशर | कुकर |
| नारद प्रसाद निषाद | शक्ति सेना गैस | सिलेंडर |
| नितेश कुमार रात्रे | सुंदर समाज पार्टी | कांच का गिलास |
| फरीद कुरैशी | गोंडवाना गणतंत्र पार्टी | आरी |
| डॉ. विरेन्द्र चौधरी | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | बांसुरी |
| ईश्वर मारकांडे | निर्दलीय | तरबूज |
| कालिया प्रसाद सेठ | निर्दलीय | सीसीटीवी कैमरा |
| महेश स्वर्ण | निर्दलीय | क्रेन |
| मुकेश अग्रवाल | निर्दलीय | कम्प्यूटर |
| रेखराम बाघ | निर्दलीय | पानी का जहाज |
| सुखनंदन देशकर | निर्दलीय | हरी मिर्च |
| प्रो. सुरेश साहू | निर्दलीय | आटो रिक्शा |
| संतोष दारचंद बंजारे | निर्दलीय | गन्ना किसान |

### कांकेर लोकसभा में 9 प्रत्याशी

| प्रत्याशी | पार्टी | चुनाव चिन्ह |
|---|---|---|
| तिलक राम मरकाम | बसपा | हाथी |
| बीरेश ठाकुर | कांग्रेस | हाथ |
| भोजराज नाग | भाजपा | कमल |
| जीवनलाल मातलाम | सर्व आदि दल | तुरहा बजाता आदमी |
| थाकेश माहला | भारतीय शक्ति चेतना पार्टी | बांसुरी |
| भोजराम मंडावी | राष्ट्रीय जनसभा पार्टी | नारियल फार्म |
| विनोद नागवंशी | हमर राज पार्टी | बाल्टी |
| सुकचंद नेताम | गोंडवाना गणतंत्र पार्टी | आरी |
| सोनसिंह | आंबेडकराइड पार्टी आफ इंडिया | कोट |

# 12 पहचान पत्रों से मतदाता कर सकेंगे मतदान

**धमतरी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा दी गई है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 प्रकार के पहचान पत्रों को मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया शासकीय पहचान पत्र तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

### तीन बदमाशों पर चल रही जिलाबदर कार्रवाई की प्रकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले आदतन अपराधी युवक पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई है। वहीं तीन बदमाशों पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने गुण्डा-बदमाशों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के आदतन अपराधी तानाजी राव उर्फ मोनू राव पिता रत्नाकर राव 30 वर्ष निवासी बांसपारा थाना कोतवाली वर्तमान निवास ग्राम बोरझरा थाना भखारा को एक वर्ष के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा इसके अतिरिक्त तीन अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है।



#### आरोपी पर दर्जन भर मामले दर्ज

जिलाबदर किए गए तानाजी राव उर्फ मोनू के खिलाफ थानों में बीते कुछ वर्षों से लगातार मारपीट, चाकूबाजी, गुण्डागर्दी, लूटपाट, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, आर्म्स एक्ट सहित दर्जन भर मामले दर्ज हैं। आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्तता को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिला बदर की कार्रवाई की गई। तानाजी राव को 21 अप्रैल 2024 से आगामी 1 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की सीमाओं से हट जाने जिलाबदर का आदेश दिया है।

# टहलने निकले शिक्षक पर लकड़बग्घा ने किया हमला

**घायल शिक्षक को पांच से सात टांके लगे, उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा

टहलने निकले शिक्षक पर लकड़बग्घा ने हमला कर दिया। उपचार के बाद शिक्षक को अस्पताल से छुट्टी दे गई है। उसकी स्थिति बेहतर बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक घटना सिहावा के गणेश घाट के पास की बताई जा रही है। मंगलवार की शाम सिहावा निवासी शिक्षक दिनेश निषाद अपने साथी के साथ गणेश घाट की तरफ टहलने निकले थे। उसी दौरान लकड़बग्घा पहाड़ी की तरफ से आया और शिक्षक पर हमला कर दिया। शिक्षक और उसके साथी ने किसी तरह लकड़बग्घा को भगाया और अपनी जान बचाई। शिक्षक बोकराबेड़ा में पदस्थ हैं।

बताया जा रहा है कि लकड़बग्घा ने शिक्षक के बाएं हाथ को काटा है। शिक्षक को सिविल अस्पताल नगरी में इलाज के लिए ले जाया गया था। उपचार के बाद शिक्षक की स्थिति ठीक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि



लकड़बग्घा जिस वक्त शिक्षक पर हमला किया, उस समय वह जख्मी हालत में था। उस पर तेंदुआ या किसी जंगली जानवर ने हमला किया था।

शिक्षक दिनेश निषाद ने बताया कि मंगलवार की शाम करीब 7 बजे वह अपने एक साथी के गणेश घाट की तरफ निकला था। हम लोग वहीं पर बैठे थे। इतने में एक लकड़बग्घा जख्मी हालत में आया और मेरे बाएं हाथ को काट दिया। मैं और मेरे साथी ने किसी तरह लकड़बग्घा को वहां से भगाया। उसे पांच से सात टांके लगे हैं।

#### जख्मी लकड़बग्घा की मौत

बताया जा रहा है कि तेंदुए के हमले से जख्मी शिक्षक पर हमला करने वाले लकड़बग्घे की मौत हो गई है। लोगों की सूचना पर बिरगुड़ी डिप्टी रेंजर ऋषि मेश्राम सहित टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बता दें कि सिहावा से गणेश घाट वाले मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोग गुजरते हैं जिससे जंगली जानवरों का डर हमेशा बना रहता है। इस मामले में बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपक गावड़े ने कहा कि स्टॉफ लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

## निर्धारित से कम गार्ड तैनात कर चलाया जा रहा काम

# सुरक्षा के लिए जिला अस्पताल में पर्याप्त गार्ड की तैनाती नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल में सुरक्षा के लिए टेंडर में निर्धारित संख्या से कम सिक्योरिटी गार्ड को तैनात कर काम चलाया जा रहा है। इससे अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

जिला अस्पताल में संचालित जीवनदीप समिति द्वारा सिक्योरिटी, सफाई, भोजनशाला, कैंटीन, साइकिल स्टैंड सहित अन्य कार्यों के लिए प्रत्येक वर्ष टेंडर जारी किया जाता है। बीते वर्ष भी इन कार्यों के लिए टेंडर जारी किया गया था जिसमें सिक्योरिटी का ठेका एक



एजेंसी को मिला था। जिसमें अस्पताल की सुरक्षा के लिए तीन शिफ्ट में प्रतिदिन मेल व फीमेल 15 सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती निर्धारित है। मार्निंग शिफ्ट में दो फीमेल व चार मेल सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती होनी थी। इसी तरह दोपहर की शिफ्ट में मेल फीमेल सहित चार व नाइट में भी दो मेल व दो फीमेल सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती का नियम है, लेकिन एजेंसी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती में कटौती कर निर्धारित से कम गार्ड की तैनाती कर पूरी राशि का आहरण किया जा रहा है। इस तरह से जीवनदीप समिति को चूना तो लगाया जा रहा है, वहीं अस्पताल की सुरक्षा को ताक में रखकर लापरवाही की जा रही है।

सिक्योरिटी गार्ड की कम तैनाती होने के कारण अस्पताल के वार्ड में भर्ती मरीजों व अटेंडरों के मोबाइल चोरी होने की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। वहीं सिक्योरिटी सुपरवाइजर बाईक पार्किंग के स्थान पर अपनी कार को खड़ी करता है। इससे मरीज के परिजनों को अपनी बाइक खड़ी करने में परेशानी होती है। इस संबंध में सिक्योरिटी सुपरवाइजर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# अब आया पिंजरे का पक्षी



■ एक जोड़ी की कीमत 600 से 6000 रूपए तक, लोग शादी-बर्थडे में दे रहे गिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

समय के साथ अब आर्टिफिशियल का जमाना आ गया है। यह गुजरे दिनों की बात हो गई जब अधिकांश घरों में मिट्ठू-मिट्ठू की मधुर आवाज सुनाई पड़ती थी। अब घरों की शोभा हाईब्रिड वाले विदेशी पक्षी बढ़ा रहे हैं। इनकी खासियत है कि ये पिंजड़े के ही पक्षी हैं। पिंजड़े के बाहर इनका जीवन संभव नहीं है।

रत्नाबांधा रोड स्थित बीजी बाजार पेट एवं एक्विरियम शॉप के संचालक भूपत देवांगन ने बताया कि उनकी शॉप में विदेशी हाईब्रिड प्रजाति के बजिस बर्ड, काकटेल, गोल्डन पिंच आदि पक्षियों की वैरायटी हमेशा उपलब्ध रहती है। पक्षियों को बेचना ही उनका उद्देश्य नहीं है। इनकी देखभाल करने में उसे आनंद आता है। कलकत्ता में इन विदेशी पक्षियों का हाईब्रिड उत्पादन होता है। इसकी जोड़ी 600 से 6000 रूपये तक है। ये पक्षी कंगनी दाना, सूरजमुखी का बीज तथा जवांफूल खाते हैं। इनकी उम्र 8 से 20 वर्ष तक होती है। इनको पालने के अलावा शादी, एनिवर्सरी, बर्थ डे में गिफ्ट भी दिया जाता है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि शहर में 8-10 लोग ऐसे भी हैं जो इनके अंडे को संभालकर रखते हैं और चूजे निकलने के बाद उनकी दुकान में बेचने के लिए लाते हैं।

#### ये पिंजड़े के पक्षी हैं



बीजी बाजार के संचालक श्री देवांगन ने बताया कि अधिकतर लोग पक्षियों को पिंजरे में कैद करना अच्छा नहीं समझते लेकिन ये पिंजरे के ही पक्षी हैं। इन पक्षियों का उत्पादन हाईब्रिड होता है। खुले आसमान पर छोड़ने से ये जीवित नहीं रह पाते। पक्षियों के लिए पिंजड़ा, दाना आदि उनकी शॉप में उपलब्ध हैं।

# अंवरी में मारपीट के मामले में पीड़ितों को अब तक नहीं मिला न्याय



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत अंवरी में मारपीट की घटना हुई थी। दो माह बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है।

■ न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित व परिजन

उल्लेखनीय है कि बिरेझर चौकी पुलिस क्षेत्र के ग्राम अंवरी में बीते फरवरी माह में बिजली खंभा को लेकर विवाद हुआ था। सरपंच पुनेश्वर साहू के भाई विष्णुराम साहू के घर के सामने बिजली का खंभा था जिसे सरपंच व उसका भाई वहां से हटवाकर ग्रामीण पोषणलाल साहू के घर के पास लगाने की तैयारी कर रहा था। जिसके लिए पोषण का कवेलू तोड़ा जा रहा था। यह देख पोषण अपने भाई भुनेश्वर साहू, भतीजे थानेश्वर व परिजनों के साथ गली में आकर आपत्ति की। जिस पर सरपंच व उसके भाई विष्णुराम और उसके परिवारवालों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी, राड, ईंट, पत्थर से उन पर हमला बोल दिया। इस हमले में पोषण, भुनेश्वर, उदयप्रताप व थानेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कुरूद अस्पताल से रिफर किए जाने पर जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया गया। वहीं आरोपियों ने बीच बचाव कर रही महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की भी की। घायल की शिकायत के बाद भी दबाव के चलते बिरेझर पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करने व कार्रवाई करने आनाकानी कर रही थी। मामला तूल पकड़ता देख पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की, लेकिन मामले में लगाई गई मामूली धारा के चलते आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हो पाई। घटना के बाद से पीड़ित पक्ष न्याय पाने पुलिस चौकी व पुलिस अधिकारियों का लगातार चक्कर लगा रहा है लेकिन घटना के दो माह बीत जाने के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है। पीड़ितों ने पुलिस पर उदासीनता का आरोप लगाया है।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### रूपकुमारी 2 लाख से अधिक वोटों से जीतेंगी : हुपेंद्र



**अंवरी।** पूर्व नपं अध्यक्ष हुपेंद्र सिंह सोन ने कहा कि महासमुंद लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी लगभग 2 लाख से अधिक वोटों से जीतेंगी। श्री सोन ने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान का विकास हुआ। भाजपा जो कहती है वह करती है। आज किसानों को 3100 रुपए, महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को हर माह 1000 रूपए दिए जा रहे हैं। आज पूरे देश में मोदी लहर है। देश का नेतृत्व करने वाला अगर कोई है तो सिर्फ नरेंद्र मोदी है। कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू बाहरी प्रत्याशी हैं। कांग्रेस पार्टी को महासमुंद से कांग्रेस से कोई लड़ने वाला नहीं मिला। दूसरे जिले दुर्ग से लाना पड़ा।

### सिलीडीह में महासभा 28 को

**जीजामगांव।** गणेशपुर परिक्षेत्र एवं 13 पाली सिलतरा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सिलीडीह में 28 अप्रैल को महासभा का आयोजन किया गया है।

## प्रेसवार्ता : मोदी की लोकप्रियता से विपक्षी घबरा गए हैं : मोतीलाल

# कांग्रेस कार्यकाल में छत्तीसगढ़ बर्बादी की कगार पर था : ईश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



साजा विधायक ईश्वर साहू एवं रायपुर ग्रामीण विधायक एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी मोतीलाल साहू बुधवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि वे छत्तीसगढ़ की सभी सीटें जीत रहे हैं। देश में इस बार 400 पार का नारा बुलंद है। मोदीजी भारी बहुमत से केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि जब ताम्रध्वज साहू प्रदेश में गृहमंत्री थे तब उन्होंने समाज हित में कोई काम नहीं किया। अब जाति के आधार पर वोट मांग रहे हैं। बेटे की हत्या के बाद मैं न्याय के लिए महीनों भटका। कांग्रेस सरकार ने मेरे साथ न्याय नहीं किया। तत्कालीन मंत्री साजा विधायक रविंद्र चौबे उन्हें पूछने तक नहीं आया। तत्कालीन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू से शिकायत करने के बाद भी उन्होंने कोई सहयोग नहीं किया। उल्टा मुझे खरीदने की कोशिश की। 10 लाख रूपए नकद और परिवार को नौकरी देने का लालच दिया। मैंने न्याय के लिए ऑफर ठुकरा दिया। कांग्रेस शासनकाल में मंत्रियों ने गांव-गांव में गुंडा रखवाया था, धर्मांतरण जोरों पर चल रहा था। छत्तीसगढ़ राज्य बर्बादी की कगार पर था। विशेष समुदाय के प्रति सहानुभूति रखकर राज्य को अंधकार में धकेल दिया। अब महासमुंद लोस का प्रत्याशी बनकर साहू समाज से वोट मांग रहे हैं। ऐसे लोगों को समाज कभी माफ नहीं करेगा। ऐसे लोग किसी के नहीं होते, सिर्फ अपने फायदे के लिए राजनीति करते हैं।

विधायक मोतीलाल साहू ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन का कुनबा फिसलता जा रहा है। चरणदास महंत मोदी की लोकप्रियता से खीजकर अनर्गल बयान दे रहे हैं। कवासी लखमा अशोभनीय बयान दे रहे हैं, जिसे जनता माफ नहीं करेगी। छत्तीसगढ़ की जनता हिंसा बर्दाश्त नहीं करेगी। श्रीसाहू ने कहा कि 1991 से महासमुंद सीट से भाजपा साहू समाज को मौका देते आ रही है। इससे साहू समाज में आत्मसम्मान जागा है। भाजपा सभी जाति वर्ग का सम्मान करती है।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, डेनिस चंद्राकर, अविनाश दुबे, विजय साहू, नरेंद्र रोहरा, कैलाश सोनकार, अभिषेक मिश्रा, विनोद पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महंगाई से देश की जनता त्रस्त : दीपक

- परखंदा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने ली चुनावी सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री





ग्राम परखंदा में कांग्रेस पार्टी ने नुक्कड़ सभा रखी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में मजदूर और किसानों की कमर टूट चुकी है। महंगाई पर मोदी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है। श्री बैज ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़े बड़े उद्योगपतियों की जेब भर रहे हैं। जीएसटी के पैसों को अगर आज विकास में लगाया जाता तो महंगाई नहीं बढ़ती। 10 साल में बेरोजगारी में बढ़ोतरी हुई है। भाजपा सरकार का कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार के आने से किसानों के खाद और बीज को जीएसटी मुक्त कर देंगे। महालक्ष्मी योजना अंतर्गत गरीब परिवार की महिलाओं को सालाना 1 लाख दिया जायेगा। सभा को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, जिपं सभापति तारिणी चन्द्राकर आदि ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस प्रभारी विनोद तिवारी, पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, विधानसभा संयोजक मोहन लालवानी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश्वर साहू, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष हेमंत साहू, अश्विनी राजपूत, जानसिंग यादव, भीखम यादव, रुपेश चन्द्राकर, महिम शुक्ला, रिजवान रिजवी, कुलदीप कश्यप, संध्या कश्यप, सुमेरी साहू, तुलसीराम साहू, नरेन्द्र ढीढी, सुबोध झा, कल्याण साहू, पूनम साहू, रुक्मिणी साहू, पुनुराम निषाद, भोला निषाद, भूषण साहू, लखन निर्मलकर, दुष्यंत ढीढी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आशीष शर्मा व आभार प्रदर्शन तारिणी चंद्राकर ने किया।

# बोड़रा में छात्रों एवं शिक्षकों ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया




- चौक-चौराहों पर बैठे मतदाताओं को मतदान के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में पूरे जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को संस्था के प्राचार्य श्यामसुंदर साहू के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल बोड़रा के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा घर-घर संपर्क कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। 100 प्रतिशत मतदान की अपील की गई। साथ ही मतदान की तिथि 26 अप्रैल, मतदान का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे तक, मतदान केंद्र का स्थान एवं पहचान पत्र में आधार कार्ड या मतदाता पहचान पत्र आदि लेकर मतदान करने जाने की विशेष जानकारी दी गई तथा वोटर हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील की गई। चौक-चौराहों पर बैठे मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान में प्राचार्य श्यामसुंदर साहू सहित गुंजा साहू, खुशी साहू, गीतेश्वरी, माधुरी, डुमेश्वरी, गीतांजलि, दानेश्वर, मेघनाथ, प्रेम नारायण साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# मैं सांसद बनकर नहीं बल्कि आपके सुख-दुख का साथी बनकर सेवा करूंगा : ताम्रध्वज

- महासमुंद लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क व सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कुरुद नगर में सघन जनसंपर्क कर देर शाम पुराना बाजार चौक में आम सभा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कांग्रेस का हाथ मजबूत कर भाजपा की सरकार को विदा करने की बात कही। इस दौरान लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि मैं यहां सांसद बनकर नहीं बल्कि आपके सुख दुख का साथ बनकर सेवा करूंगा।

मंगलवार की शाम श्री साहू ने मां चंडी मंदिर के दर्शन कर पूरे नगर में पैदल रैली निकाल जनसंपर्क किया। रैली चंडी मंदिर से थाना रोड पुराना बाजार चौक, सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, तहसील रोड से सिरसा चौक होते हुए पुराना बाजार चौक में आमसभा के रूप में तब्दील हुई। आमसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैं यहां आप लोगों के बीच पारिवारिक रिश्ता बनाकर अपनापन पाने की खातिर आया हूं। उन्होंने कांग्रेस की गारंटी गिनाते हुए कहा कि जब नारी न्याय की पांच गारंटियां लागू होंगी तब देश की हर महिला को उसका हक और सम्मान मिलेगा। ये क्रांतिकारी कदम हर महिला को आत्मनिर्भर बनाएगा। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

इससे पूर्व सभा को पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चन्द्राकर ने संबोधित किया। आभार ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा ने किया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी विनोद तिवारी, जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, मोहन लालवानी, राजकुमारी दीवान, तारिणी चंद्राकर, शारदा साहू, भरत नाहर, लक्ष्मीकांता साहू, प्रभात राव, प्रमोद साहू, देवव्रत साहू, जानसिंह यादव, राजू साहू, योगेश चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

### भाजपा की जुमलेबाजी से हर वर्ग परेशान

ताम्रध्वज ने कहा कि भाजपा नीत केन्द्र सरकार की जमुलेबाजी, गलत नीतियों व दमनात्मक रवैए से देश का हर वर्ग परेशान है। देश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, मंहगाई आज चरम पर है। राफेल घोटाला, नोटबंदी, जीएसटी, किसानों के लाये गये काले कानून, उद्योग पतियों की कर्जमाफी, गलत नीतियों से देश असुरक्षित है। विपक्ष के नेताओं को षड्यंत्र पूर्वक गिरफ्तार किया गया। ईडी, सीबीआई का गलत इस्तेमाल कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। देश में अशांति होते जा रही है।

# अंवरी स्कूल में 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शाउमावि अंवरी में 24 अप्रैल को 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम प्राचार्य आईआर साहू के मार्गदर्शन में घोषित किया गया। परीक्षा प्रभारी केशवलाल यादव व्याख्याता ने बताया कि इस बार कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। कक्षा 9वीं का परीक्षा फल 64.44 प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम काजल, द्वितीय तुलसी एवं तृतीय तमन्ना रही। कक्षा 11वीं में वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विज्ञान संकाय में 100 प्रतिशत एवं कला संकाय का 95 प्रतिशत रहा। वाणिज्य संख्यामें प्रथम रुद्रकुमार, द्वितीय आकाश एवं तृतीय हेमा ध्रुव रहे। विज्ञान संकाय में प्रथम प्रिया पाल, द्वितीय अंशुमन, तृतीय हिमांशी व कला संकाय में प्रथम नोमीन, द्वितीय दीपक, तृतीय अमित रहे। सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य ने शुभकामनाएं प्रेषित कर आने वाले बोर्ड परीक्षा में अच्छे रिजल्ट देने के लिए अभी से ही तैयारी करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता पीएन साहू, एन सिन्हा,पी. सिन्हा, केएल घोघरे, टी. साहू, हीरामन कुर्रे, कविता जांगड़े, गीता जांगड़े, डीके साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी एलबी साहू ने दी है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर बांटी खीर-पूड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम राजपुर के तिरंगा चौक आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक दो के पास हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है। तिंरगा चौक मोहल्लेवासियों ने हनुमान जन्मोत्सव पर अखंड रामायण का पाठ करवाया। पण्डित चोवाप्रसाद दुबे ने विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर हवन यज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न करवाई पश्चात खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर चंद्रहास ध्रुव, टिकेश यादव, जानू सिन्हा, आजू राम, भुवन ध्रुव, रामसाय सिन्हा, पवन निषाद, यादराम साहू, ढालसिंग कंवर, टेकराम निषाद, उमेश सिन्हा, टुमेश साहू, दोनेश्वर सिन्हा, राजू साहू, कुलेश्वर सिन्हा, बसंत ध्रुव, लेखराम, हेमंत यादव, भुनेश्वर साहू, गन्नू, भीखम सिन्हा, चोवा कंवर, रूपेश, कमल व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# भठेली में मना हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 10 स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। विधि-विधानपूर्वक पूजा- अर्चना कर खीर पूड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर नगर के लोग उपस्थित थे।

# अग्निवीर में भूपेश का चयन ग्रामीणों ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭बगदेही(धमतरी)



डीजी ट्रेनिंग एकेडमी के जवान भूपेश पिता तिलक साहू का चयन अग्निवीर में हुआ है। उसके सम्मान में ग्राम कोर्रा में जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने जवान को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने जवान से देश की रक्षा की कसम दिलाई। पूरा माहौल भारत माता के नारों से गूंज उठा। जवान ने अपने संबोधन में युवाओं से देश की सेवा के लिए हर पल तैयार रहने कहा। पूरा माहौल देशभक्ति गानों से गूंज रहा था। मौके पर डीजी ट्रेनिंग एकेडमी के संस्थापक गुलशन साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कन्या शाला की छात्राओं को इंटरशिप प्रमाण-पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला कुरुद में राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन के तहत संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 11 वीं तथा 12 वीं (रिटेल और मीडिया) की छात्राओं को इंटरशिप प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डीपी देवांगन, व्यवसायिक प्रशिक्षक रमाकांत सिन्हा, मनीषा देव तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### मतदाता जागरुकता रैली निकली

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य नीरज सोन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील नागरिकों से की है। सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग प्रदान करें।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल, बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन, स्पाईन सर्जरी एवं पेट, लीवर से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ अरूण अय्यर
MD,DM
Gastroenterologist
पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
26 अप्रैल 2024 शुक्रवार

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
- हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
- राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को चाकू मारा

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थी हेमंत दास मानिकपुरी पिता गजाधर (26) निवासी नयापारा ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी दुर्गेश डीजे और मखनू स्वीपर ने गाली गलौज करते हुए चाकू से हाथ को मारकर चोट पहुंचाया। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दुर्घटना में एक घायल

**महासमुंद।** एफसीआई चावल गोदाम के पास राजिम मोड़ ग्राम शेर में एक्टिवा चालक ने एक शख्स को टक्कर मार दी। प्रार्थी शेगेश्वर ध्रुव पिता मदनु ध्रुव (27) निवासी कसीडीह जिला गरियाबंद ने पुलिस को बताया कि एक्टिवा के चालक गोलू दीवान निवासी शेर ने उसके बड़े भाई को टक्कर मार दिया। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत ग्राम शीतलपुर में एक महिला के साथ उसके पति और एक अन्य व्यक्ति ने मारपीट की। पुलिस को प्रार्थिया सुखमनी अजगले पति मनोहर (24) निवासी शीतलपुर ने बताया कि उसके साथ आरोपी मनोहर अजगले पिता जगदीश और एक अन्य ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दो जगहों से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना और सांकरा थाना अंतर्गत महुआ शराब की अवैध बिक्री के दो मामले सामने आया है। बसना पुलिस ने ग्राम सिरको जमड़ी रोड किनारे आरोपी रामलाल मुखर्जी पिता अहिबरन (51) वर्ष के कब्जे से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए और सांकरा पुलिस ने होटल के सामने कोड़ाकटेल से आरोपी राकेश साहू पिता शंख कुमार साहू (27) के कब्जे से 3500 एमएल महुआ शराब कीमत 700 रुपए को जब्त किया है। इन मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) तथा 34(1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### खेत के मेड़ को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**बसना।** ग्राम खम्हन में बालाराम बलिया के खेत में मेड़ बनाने से मना करने की बात को लेकर दो पक्षों की बीच मारपीट का मामला सामने आया है। इसे लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पहले पक्ष के नवीन कुमार प्रधान पिता गणेश राम प्रधान (57) ने आरोपी नील कुमार पटेल और दो अन्य आरोपियों के खिलाफ गाली गलौज करते हुए उसके लड़के को हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष के नील कुमार पटेल पिता रामजी (25) ने नवीन कुमार प्रधान और दो अन्य लोगों पर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। दोनों ही मामलों पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## निधन

### सन्मुखदास पंजवानी

**धमतरी।** शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा के वयोवृद्ध नेता



सन्मुखदास पंजवानी का 92 वर्ष की आयु में बुधवार को रायपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे डा. विजय पंजवानी, प्रताप पंजवानी, महेश पंजवानी व नरेश पंजवानी के पिता थे। उनके निधन की खबर लगते ही शहरवासियों में शोक की लहर छा गई। उनका अंतिम संस्कार आज 25 अप्रैल को किया जाएगा। गौरतलब है कि स्व. श्री पंजवानी ने लोकसभा चुनाव में मृत्यु पूर्व डाकपत्र के जरिए मतदान कर एक जागरुक मतदाता होने का परिचय दिया है।

आरोप : मुद्दाविहीन कांग्रेस वोट बटोरने जनता को दे रही प्रलोभन

# आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये मोदी की गारंटी : अजय

- कुरुद के पुराना बाजार चौक में भाजपा ने आयोजित की आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

राम के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले अब भोली भाली जनता को प्रलोभन देकर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। यह कांग्रेस की नैतिक हार है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की जागरूक जनता उनके बहकावे में नहीं आने वाली है। उन्हें भाजपा व मोदी की गारंटी पर भरोसा है और यह भरोसा आगे भी बरकरार रहेगा। उक्त बातें पूर्व कैबिनेट मंत्री व भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने आमसभा को संबोधित करते हुए कही।

बुधवार को बतौर क्लस्टर प्रभारी तीन लोकसभा क्षेत्रों की कमान संभाले कुरुद विधायक चंद्राकर ने पुराना बाजार चौक कुरुद में भाजपा द्वारा आयोजित अंतिम चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। कहा कि मुद्दाविहीन कांग्रेस पार्टी व उनके नेता अब लोगों को पैसे का प्रलोभन देकर वोट बटोरने की कोशिश कर रहे हैं जिससे साफ जाहिर होता है कि वे लोग नैतिक रूप से हार मान चुके हैं। क्षेत्र की जनता 26 अप्रैल को भाजपा के पक्ष में भारी मतदान कर उसे पूरा कर देगी। मंगलवार की शाम कांग्रेस की सभा में विभिन्न समितियों आदि को पैसे देने की घोषणा करने पर कांग्रेसियों पर आचार संहिता का उल्लंघन करने की बात कही। श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के गृहमंत्री रहते प्रदेश में लूट, हत्या, बलात्कार, मानव तस्करी, लेव्ही वसूली किये जाने का आरोप लगा। राम वनगमन पथ एवं राम की मूर्ति के नाम पर करोड़ों रूपये का भ्रष्टाचार किये जाने व अपने दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र की जनता द्वारा नकारे हुए प्रत्याशी को महासमुंद से तगड़ी हार दिलाकर भगा देने की बात कही।

आमसभा को विधानसभा प्रभारी आशु चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, कांकेर विस प्रभारी निरंजन सिन्हा आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों कांग्रेसियों ने भाजपा प्रवेश किया। इस अवसर पर विस संयोजक भानु चंद्राकर, मालकराम साहू, रविकांत चंद्राकर, तिलोक जैन, हरिशंकर सोनवानी, पूर्णिमा रामस्वरूप साहू, कुलेश्वर चंद्राकर, गौकरण साहू, आनंद यदु, हरख जैन, पुष्पेंद्र साहू, चितरंजन साहू, टिकेश साहू, रश्मि साहू, भारती पंचायन, भूपेंद्र चंद्राकर, प्रभात बैस समेत सैकड़ों भाजपाई एवं आमजन उपस्थित थे।





### जनता को भाजपा पर भरोसा

श्री चंद्राकर ने कहा कि यह चुनाव देश को महाशक्ति बनाने का है। मोदी की गारंटी के चलते ही भाजपा ने किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम, महिलाओं को महतारी वंदन, हर घर शौचालय, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड से ईलाज, हर घर नल, मुफ्त अनाज, उज्ज्वला योजनाओं से गरीबों का मान बढ़ाने का काम किया है। मोदी की गारंटी ही गारंटी पूरी होने की गारंटी है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये हैं मोदी की गारंटी। इसकी झलक कुरुद से होकर गुजरी फोरलेन सड़क, बड़ी रेललाइन, केंद्रीय विद्यालय की स्थापना, एम्स की शाखा व साथ ही साथ भारतमाला के तहत बन रही विशाखापत्तनम के लिए सड़क से देखने को मिलती है। कुछ जरूरतें और हैं जिसे रूपकुमारी चौधरी को भारी बहुमत से जिताकर पूरा करवा लिया जायेगा। नरेंद्र मोदी आज भरोसे का पर्याय बन चुका है इसलिए जनता को भाजपा पर भरोसा है।

# 400 सीट का दावा और मोदी की गारंटी फेल होगी : अशोक

- हल्बा समाज भवन में हुआ कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सोमवार को हल्बा समाज भवन नगरी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सिहावा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं कांकेर लोकसभा चुनाव संचालन समिति के सदस्य अशोक सोम थे7 कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी शिव कुमार परिहार ने की। विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष भूषण साहू,जिला पंचायत सदस्य मीना बंजारे, जनपद सदस्य द्वय उमेश देव, कीर्ति नेताम, पूर्व जनपद सदस्य अंजोर निषाद, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रवि ठाकुर, शैलेन्द्र धेनुसेवक, अजीत सिंह वर्मा, शत्रुघ्न साक्षी थे।

पूर्व विधायक श्री सोम ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कांग्रेस कार्यकर्ता कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अधिकृत प्रत्याशी बीरेश ठाकुर को जिताने के लिए एकजुट हो जाएं। आगे कहा कि मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने, 2 करोड़ रोजगार देने, कालाधन वापस लाने की गारंटी दी थी।



मोदी का 400 सीट का दावा और मोदी की गारंटी पूरी तरह से फेल साबित होगी। आज मोदी देश में गिने चुने 8 -10 उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं। उन्हें देश के किसानों, मजदूरों और युवाओं से कोई लेना देना नहीं है। शिव परिहार ने कहा कि हमारे पास संसाधन की कमी है लेकिन इस कमी को ध्यान न देकर सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता ही कांग्रेस की शान है। जनपद सदस्य उमेश देव ने कांग्रेस की 5 न्याय गारंटी को गांव-गांव तक पहुंचाने की बात कही।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी भानेंद्र ठाकुर, पेमन स्वर्णबेर, जावेद मेमन, कैलाश बिसेन, टेश्वर ध्रुव, मिलेश्वर साहू, पिंकी यदु, कुंजबिहारी देव, आसिफ खान, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव नदीम अली, युवा कांग्रेस के सिहावा विधानसभा अध्यक्ष सोनू चौहान, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष अंकुश देवांगन, भरत लहरे, किशन गजेन्द्र, आदित्य तिवारी, जितेन्द्र ध्रुव, दिनेश यादव, टिकेश्वर ध्रुव, ईशु अली, अभिषेक बंजारे, सत्यम भट्ट, शिव साहू, गोविंद ठाकुर,बुधंतिन नेताम, फारूख खान, राम सिंह पटेल, सलीम मेमन, सजल नाग, आदित्य सिंह ठाकुर, लक्ष्मी साहू, सोहन चतुर्वेदी, रूपेश साहू, राजू कावड़े, तेजेन्द्र भट्ट उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनवर सिद्दीकी व आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष भूषण साहू ने किया।

# सामान्य प्रेक्षक ने कुरूद विस के मतदान और सुविधा केंद्रों का किया निरीक्षण

- बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, मतदाता गाईड बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी और कुरूद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल ने कुरूद विधानसभा क्षेत्र के भाठागांव, बिरेझर, मरौद स्थित मतदान केन्द्र और तहसील कार्यलय में सुविधा केन्द्रों सहित जांच नाका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, मतदाता गाईड बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए।



प्रेक्षक श्री अग्रवाल ने मतदान कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सुविधा केन्द्र में कर रहे मतदान की जानकारी ली। साथ ही बिरेझर के जांच नाका में वाहनों की जांच का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर लाइजनिंग अधिकारी सनत कुमार साहू, बीके महेंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा के दिग्गज नेताओं ने मांगा जनता से आशीर्वाद

**नगरी।** लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में सिहावा विधानसभा में दिग्गज नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया। बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव, भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, सिहावा विधानसभा पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने घोटगांव व हरदीभाठा में जनसम्पर्क कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपील की। कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# मोदी को गाली देकर कांग्रेसी नेता साहू समाज को अपमानित कर रहे : मोतीलाल



जैन स्थानक भवन में हुई साहू समाज की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जैन स्थानक भवन में साहू समाज की बैठक हुई। अतिथि भाजपा रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। मोदी जी का संकल्प है कि 2029 में भारत को विश्व में तीसरी और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। आज मोदी जी पर देश ही नहीं साहू समाज को भी गर्व है कि एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बनकर पूरे विश्व में देश के मान सम्मान को बढ़ाया है। भारत मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरू बनने की राह पर आगे बढ़ चुका है। भारत के विकास और मोदी की लोकप्रियता को बढ़ता देखकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों के नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्हें पता है कि मोदी जी को देश का तीसरा प्रधानमंत्री बनने से कोई रोक नहीं सकता। मोदी की गारंटी की लहर को भांपकर अब कांग्रेस नेता निकृष्ट मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। मोदी पर लगातार कांग्रेस के बड़े नेता अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत पीएम मोदी के सिर फोड़ने और उनको डिफाल्टर कहते हैं। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव के जनघोषणा पत्र के वादों को पूरे नहीं किए।

बैठक में जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, अनिल गजपाल, हेमंत माला, बालाराम साहू, हुलास साहू, चिरौंजी साहू,श्यामा साहू,बसंत साहू, डेरहु राम साहू, उमेश साहू, चंद्रभागा साहू, यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस सरकार में गरीबों को नहीं मिलता था न्याय : ईश्वर

साजा विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि एक साल पहले एक धर्म विशेष के लोगों ने उनके बेटे भुवनेश्वर की हत्या कर दी थी। पूरा साहू समाज भुवनेश्वर के न्याय के लिए उठ खड़ा हुआ लेकिन कांग्रेस की तत्कालीन सरकार ने मेरे बेटे के जीवन की कीमत केवल 10 लाख रुपए आंकी। मैंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। ताम्रध्वज साहू समाज के वरिष्ठ नेता होने के बावजूद मेरे परिवार से मिलने नहीं आए। समाज ऐसे नेता को कभी माफ नहीं कर सकता।

### कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों की जमानत होगी जब्त : रंजना

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि हमारे समाज का बेटा देश की सेवा कर रहा है, इसलिए कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। साहू समाज के बेटे को गाली देने का काम ये कांग्रेसी कर रहे हैं। इसके पीछे वजह है कि गांधी परिवार किसी भी गरीब परिवार के बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहती है। इसके चलते कांग्रेस ही नहीं इंडी गठबंधन के दल पीएम मोदी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। कांग्रेस के झूठे न्याय पत्र पर किसी को भरोसा नहीं है।

# खुद को साहू बताने वाले पीएम मोदी भक्त मां कर्मा को भूल गए : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धमतरी में सभा ली, जिस पर कांग्रेस नेता आनंद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जब पिछली बार चुनाव प्रचार करने छत्तीसगढ़ आए थे, तब उन्होंने खुद को साहू समाज से आने वाला बताया था, लेकिन इस बार वे साहू समाज की आराध्य माता कर्मा को ही भूल गए। उनके भाषण में न तो माता कर्मा का कहीं जयकारा सुनने को मिला और न ही साहू समाज का कोई जिक्र किया। कृष्ण भक्त मां कर्मा न केवल साहू समाज की आराध्य हैं बल्कि वे हर छत्तीसगढ़वासी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया था कि यदि भक्त में आस्था और विश्वास हो तो ईश्वर भी उसके पास आते हैं। उनकी यह भक्ति हम सब के लिए आदर्श हैं। प्रधानमंत्री मोदी का उन्हें भुलाना या जानबूझकर याद न करने से यह साफ समझ में आता है कि कांग्रेस की भागीदारी न्याय योजना से वे डरे हुए हैं।



# महावीर जयंती पर किया भंडारा

**नगरी।** महावीर जयंती पर भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीणों ने भोजन प्राप्त किया। आर्थिक स्थिति से कमजोर डमकाडीह निवासी रानी चतुर्वेदी पिता जगत चतुर्वेदी को विवाह के लिए एक दीवान, ड्रेसिंग एवं अन्य सामान भेंट किया गया। कार्यक्रम में किशोर छाजेड़, राजेश नाहटा, मोहन नाहटा, मनोज विक्की छाजेड़, कुशाल चंद, गौतम चंद, भावेश, पारख, संजय भंसाली, अनिल वाधवानी, सन्नी छाजेड़ का योगदान रहा।

# देशसेवा के लिए रवाना हुआ बोरझरा का युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम बोरझरा के संजीव रात्रे का चयन अग्निवीर थल सेना के लिए हुआ है। परिवार जनों ने देश सेवा के लिए उसे सादगी पूर्ण रवाना किया। हर पिता का सपना होता है कि उसका बेटा बड़ा होकर सफल व्यक्ति बने लेकिन यह सफलता देश सेवा के क्षेत्र में हो तो उस पिता के साथ-साथ, समाज, गांव और उस सफल व्यक्ति से जुड़े प्रत्येक लोग गौरवान्वित होते हैं। ग्राम बोरझरा में कोमलसिंह रात्रे के पुत्र संजीव रात्रे का चयन भारतीय थल सेना के लिए हुआ है। बोरझरा में यह पहला युवा है जिसका अग्निवीर सैनिक के रूप में चयनित हुआ है। जिससे ग्रामीणों मे खुशी देखी जा सकता है। चयनित युवा संजीव को ड्यूटी ज्वाइन करने परिवारजनों एवं ग्रामीणों ने विदा किया। इस अवसर पर शिक्षक रोमनलाल रात्रे, शिक्षक शिवकुमार बंजारे, लक्ष्मीकांत बंजारे, कोटवार, अरमान, विरेंद्र, डागेश्वर, डेविड, राजीव, नोमेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



मंदिर में तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन

# मां शीतला की नई मूर्ति का जड़ी बूटियों से किया गया महाअभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मन को शीतलता देने वाले मां शीतला मंदिर में जयपुर से लाई गई नई प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव विशेष अनुष्ठान के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस अनुष्ठान में पुरोहित आचार्य रामप्रताप शास्त्री ने पूजा-अर्चना कराई।

शहर के दानीटोला स्थित मां शीतला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन होम यज्ञ, नूतन मूर्तियों की 185 दुर्लभ जड़ी बूटियों से महाअभिषेक किया गया। इसके बाद स्वप्न संस्कार, कलश प्रतिष्ठा, नूतन मूर्तियों की प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, गोदान, दशदान, प्रथम दर्शन न्योछावर आदि संस्कार विधिवत पूर्ण किए गए। मंदिर में दिनभर विशेष अनुष्ठान का क्रम चलता रहा। मौके पर धीवर समाज के प्रदेश संरक्षक परमेश्वर फूटान, होरीलाल मत्स्यपाल, परगना अध्यक्ष नर्मदा जगबेड़हा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष संध्या हिरवानी, पूर्व पार्षद आशा धीवर, फिरोज हिरवानी, सोहन धीवर, धृति हिरवानी, कृष्णा हिरवानी, दुर्गेश रिगरी, सोनूराम नाग, दिलीप धरमगुड़ी, दिलीप कुमार नाग, रमेश हिरवानी, होमशंकर हिरवानी, त्रिलोक मीनपाल समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।




# घर-घर जाकर दिया पीएम मोदी का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रामसागर पारा वार्ड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर पीएम मोदी का संदेश पहुंचाया। उन्होंने राम-राम कहा और 26 अप्रैल को सुबह 8 बजे से ही पहले मतदान फिर जलपान के संदेश को पहुंचाया। मौके पर भाजपा नेता कन्हैया लाल साहू, शक्ति केंद्र प्रमुख मुकेश शर्मा, गोलू ठाकुर, कुलेश सोनी, श्रीमती सीमा चौबे, श्रीमती सुमन निर्मलकर, श्रीमती रामा राव, महेंद्र निषाद, सुदेश दीवान, पार्षद श्रीमती श्यामा साहू, पिंटू ध्रुवंशी, नरेश साहू, तुलेस साहू सहित अनेक कार्यकर्ता थे।

## खबर संक्षेप





### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अखिलेश व नीलेश ने किया स्वागत

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर, नीलेश लुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धमतरी पहुंचने पर स्वागत किया।



### जैन समाज के युवाओं ने किया छाछ वितरण

**महासमुंद।** महावीर जयंती पर सकल जैन संघ के तत्वावधान में समाज के युवाओं का ग्रुप महावीर यूथ फाउंडेशन द्वारा नेहरू चौक में छाछ वितरण किया गया। भगवान महावीर के मूल मंत्र जियो और जीने दो एवं सर्व धर्म समभाव की भावना को लेकर छाछ वितरण का आयोजन किया गया। लगभग 4000 लोगों ने इस भीषण गर्मी में छाछ का लाभ लिया। युवाओं ने आने-जाने वाले सभी यात्रियों को छाछ वितरण किया गया। इस दौरान तन्मय लूनिया, श्रेयांश कोटडिया, सौरभ मालू, वैभव बोथरा, शुभम चोपड़ा, जिनेश मालू समेत जैन समाज के युवाओं का सहयोग रहा।

### दो अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय लोकसभा क्षेत्र 9 महासमुंद के अभ्यर्थियों द्वारा तृतीय लेखा मिलान के दिन व्यय प्रेक्षक मनीष कुमार दबास एवं व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उड़ई आर के समक्ष व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी अब्दुल वहीद खान उपवनमंडलाधिकारी, आठों विधानसभा के सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम उपस्थित थे। निर्धारित तिथियों में 15 अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा की जांच के व्यय लेखा प्रस्तुत किया। जिसकी जांच कर सत्यापित किया गया। इस दौरान अभ्यर्थियों को कहा गया है कि खोले गए खाते से ही भुगतान करें। दो अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है। उक्त दोनों अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है। बता दें कि प्रथम लेखा मिलान 10 अप्रैल एवं द्वितीय लेखा मिलान 18 अप्रैल को किया गया था।

### सांई मंदिर में श्रीमद भागवत कथा 28 से

**महासमुंद।** स्थानीय सांई मंदिर महामाया पारा में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 अप्रैल से 6 मई तक दोपहर 3 बजे से किया गया है। भगवताचार्य पं. मिथलेश कुमारी होंगे। प्रथम दिवस 28 को सुबह 10 बजे कलश यात्रा, वैदिक पूजन, गौकर्ण कथा, 29 को सृष्टि वर्णन, वाराह अवतार, 30 को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, 1 मई को जड़ भरत कथा, प्रह्लाद चरित्र, 2 को श्रीकृष्ण जन्म, 3 को बाल लीला, रूखमणि विवाह समेत अनेक कथाओं का बखान करेंगे। आयोजन सावित्री स्व. सुखीराम सोनी व मोहल्लेवासियों की ओर से किया गया है। जिसमें अमरनाथ गायत्री साहू, एवन अंजलि साहू, जानु सेवती साहू, दिलकर राव, गीता अंबिलकर, संतोष ललिता पेंदरिया आयोजन की तैयारी में जुटे हुए हैं।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** एनएच 53 रोड के किनारे तुलसी ढाबा के पास सांकरा में पुलिस ने आरोपी कमल अग्रवाल पिता रूपेश अग्रवाल (42) निवासी भगतदेवरी के कब्जे से 6300 एमएल देशी प्लेन/अंग्रेजी शराब कीमत 3070 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह तेंदूकोना थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरा के उड़ियापारा में आरोपी भागवत कोड़ा पिता रघुराम (48) के कब्जे से 3420 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1710 रुपए को जब्त किया गया है।

## निगम का दावा : बारिश पूर्व शहर की सभी नालियों की हो जाएगी सफाई

# शहर की नालियों की हो रही युद्धस्तर पर सफाई, कई टन कचरा बाहर आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरपालिक निगम प्रशासन बारिश पूर्व नालियों की सफाई में जुट गया है। शहर जलमग्न न हो, इस बात का ख्याल रखकर निगम अमला दिन रात नालियों की सफाई में जुट गया है। सफाई के दौरान कई टन कचरा बाहर निकल रहा है जिसे महिमासागर वार्ड एवं बागताराई रोड स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में रखा जा रहा है।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी मो. शेरखान ने बताया कि आयुक्त एवं उपायुक्त के निर्देश के बाद फरवरी माह से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए दर्जनों कर्मचारियों को टीम में विभाजित कर अलग -अलग क्षेत्रों में प्रतिदिन भेजा जा रहा है। जेसीबी व अन्य उपकरण से नालियों की सफाई की जा रही है। पहले क्रम में शहर की छोटी और मंझोली नालियों की सफाई की गई। इसके बाद बड़ी नालियों एवं नालों की सफाई हुई। सफाई का यह तीसरा चरण चल रहा है। बरसात पूर्व चौथा चरण पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य में निगम के सूरज रजक, ओंकार निर्मलकर, विरेंद्र साहू, नोहर साहू, सुभाषकुमार, रामचंद्र, पंकज रजक, वीरनारायण सिंह, अनिकेत, विजय, गणेशराम, अज्जूसिंग, दीपक, छबिलाल, कृपाराम सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं। इस बार की सफाई ऐसी हो रही है कि शहर और गलियों में पानी का जमाव कम हो। जलमग्न होने की स्थिति में बारिश के थमने के बाद तुरंत निकासी हो जाए, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि जहां पानी का जमावड़ा ज्यादा होता है, उस स्थान पर विकल्प तैयार किया जा रहा है ताकि पानी की निकासी जल्द हो सके।





स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बुधवार को सघन सफाई अभियान के दौरान रूद्री रोड स्थित सेंटमेरी चर्च, चटर्जी अस्पताल, ठाकुर नर्सिंग होम, अमलतासपुरम के सामने के बड़ी नालियों की सफाई की गई। सफाई के दौरान कई टन कचरा निकला। शहरवासी नालियों में ईंट-पत्थर, प्लास्टिक, लोहे का सरिया, कांच की बोतल, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि फेंक देते हैं जिसे जेसीबी की मदद से निकाला जा रहा है। उन्होंने शहरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि कचरा नालियों में न डाले, निगम द्वारा दिए गए डस्टबिन में ही कचरा डाले। शहर को साफ रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

### निगम क्षेत्र में होता है जलभराव

नगर निगम क्षेत्र में वर्षा का जल जमाव एक बड़ी समस्या है। खासकर वर्षा ऋतु में जब लगातार बारिश होती है तो शहर के अंदर जगह जगह जल जमाव की स्थिति बन जाती है। जल जमाव के कारण न केवल लोगों को अपने घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है बल्कि शहर की सड़कों से गुजरना भी कठिन होता है। शहरवासी लगातार इस बात की शिकायत निगम प्रशासन को करते आ रहे हैं। जिसे देखते हुए निगम द्वारा इस वर्ष नालियों की सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नतीजतन पिछले तीन माह से शहर की नालियों की सफाई क्रमबद्ध तरीके से हो रही है।

## मटके में स्वीप नारा, पीपल पत्ते में पेंटिंग कर मतदान के लिए कर रहे प्रेरित




- जिले में मतदाताओं को जागरूक करने लगातार किये जा रहे नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके मद्देजनर जिले में मतदाताओं को जागरूक करने नवाचार किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र धमतरी के ग्राम मुजगहन में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए लगे मटकों में मतदाता जागरूकता संबंधी नारा-स्लोगन लिखे गये। साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीर, आसपास काम करने वाले मजदूरों को 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा तथा शपथ भी दिलाई जा रही है।

जिले के वनांचल नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम मोदे के लीफ आर्टिस्ट पीपल के पत्तों पर ग्लोब, भारत के नक्शा पर उंगली के निशान, संसद भवन और हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख इसाई चारों धर्म के व्यक्तियों को दर्शाता पेंटिंग बनाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

इस अनोखी कलाकारी और मतदाताओं के जागरूकता के लिए किए गए ईस पहल की कलेक्टर ने प्रशंसा भी की। गौरतलब है कि कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश एवं सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है।

## उमरगांव में हनुमान जयंती पर हुई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

बाजार चौक उमरगांव में हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। पहले दिवस भव्य शोभायात्रा निकाली गई थी। मंदिर में हनुमान मूर्ति की स्थापना कर धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया। मानस सम्मेलन में सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। भंडारे का आयोजन एवं राहगीरों के लिए शरबत की व्यवस्था की गई।

रात में केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पुरोहित द्वारिका प्रसाद पाण्डेय एवं हनुमान मंदिर जीर्णोधार समिति के सदस्य गजेन्द्र साहू, विजय साहू, फलेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, धनंजय साहू, टिकेश सेन, बिसंभबर साहू, महेंद्र पाण्डेय, प्रेमलाल साहू, अजय सिन्हा, तोपेंद्र साहू, दुर्गेश पुजारी, विष्णु शेष, चन्द्रभान यादव, किशोर, रोमेश साहू, टीकाराम, गज्जू, गिरधर साहू सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब कहा- प्रीतेश अब लीडर बन गया है



**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी आमसभा लेने जब सभास्थल पहुंचे तो मंच के पीछे प्रथम क्रम में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उसके बाद उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मोदी का स्वागत किया तत्पश्चात तीसरे क्रम में खड़े प्रीतेश गांधी पर पीएम की नजर पड़ी तो कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ को देखकर वह अपने उत्साह को रोक नहीं पाए तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव की ओर मुखातिब होते हुए उनके मुंह से सहसा निकल गया कि प्रीतेश लीडर बन गया है जिस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भी अपनी सहमति जताई। प्रधानमंत्री के अपनत्व, प्रेम से प्रीतेश गांधी भावुक हो गए तथा दोनों हाथ जोड़कर उन्होंने कहा कि आज मैं कृतार्थ हो गया।

## शासकीय बालक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



- सफलता और असफलता के मध्य एक महीन रेखा होती है : प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मंच संचालन के दौरान व्याख्याता डॉ. प्रदीप शर्मा ने राष्ट्रीय कवि दिनकर की पंक्तियां दोहराते हुए छात्रों में उत्साह का संचार कर दिया। कमल किशोर साहू ने सफलता और असफलता में गहरा संबंध बताया।

प्राचार्य श्रीमती पूनम पाण्डेय ने कक्षा में स्थान बनाने वाले बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता और असफलता के मध्य एक महीन रेखा होती है। व्याख्याता अजय पाण्डेय ने वैज्ञानिक थॉमस एडिसन का जीवन परिचय बताते हुए कहा कि असफलता से सीखकर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती प्रतिमा साहू ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। परीक्षा प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता मनोज कुमार साहू ने परीक्षा परिणाम की घोषणा। कक्षा 9 वीं का परिणाम 64 प्रतिशत एवं कक्षा 11 वीं का परिणाम 95 प्रतिशत रहा।

मौके पर शाला परिवार से श्रीमती तृप्ति जाचक, श्रीमती ललिता वाहिले, श्रीमती रंजना साहू, तुकाराम ध्रुव, आलोक मत्स्यपाल, श्रीमती हितांजलि साहू, परमानन्द साहू, ज्योति सोनकर, हरीश भूआर्य, चंद्रवती साहू, खोमेश्वरी सिन्हा, नेहा वर्मा, चेमन साहू एवं रूपेश कुंजाम मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री की आमसभा में मोदी टी स्टॉल ने मचाई धूम

- प्रीतेश गांधी की पहल का सभी ने किया स्वागत, कहा : चाय अतिथि देवो भव : की परंपरा व संस्कार का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचना कभी जीवन का अहम हिस्सा था। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक जीवन में सेवा को आत्मसात किया। राष्ट्र के प्रति किए गए कार्य आम जनमानस ने स्वीकार कर उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री के बाद देश का प्रधानमंत्री बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को आमसभा हुई। मुख्य मार्ग पर सोरिद पुल से पहले मोदी टी स्टॉल के नाम से लगाए ठेले पर चाय की चुस्की लेकर जब अपने चहेते नेता को सुनने के लिए आगे बढ़े तो इस कार्य का माध्यम बने भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी द्वारा किए गए इस कार्य के लिए उन्हें काफी सराहना मिली।

मोदी की चाय ने आमसभा में धूम मचा दी। चाय की सेवा देने वाली माता शशि साहू एवं उनके पुत्र योगेश साहू ने कहा कि सभा में उनके द्वारा यह सेवा देना राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा व समर्पण को मोदी जी के साथ समाहित करने के समान है। प्रीतेश गांधी ने कहा कि हमारी परंपरा में चाय मेहमाननवाजी का प्रतीक है। इसी का निर्वहन करते हुए मोदी जी के प्रारंभिक जीवन की चाय बेचने की जीवंत कथा को इस शैली के माध्यम से रखते हुए आम जनता की सेवाएं शीर्ष पद पर बैठकर कैसे करता है, यह बताना इसका उद्देश्य है। मोदी टी स्टाल के माध्यम से निःस्वार्थ सेवा देने वालों में पार्षद राजेंद्र शर्मा, सलज अग्रवाल, कुलेश सोनी, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, सत्येंद्र शर्मा, गोपाल साहू, पिंटू यादव, राजीव सिन्हा शामिल हैं।




## पृथ्वी दिवस पर पीजी कालेज में कई कार्यक्रम

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं सहायक प्राध्यापक निरंजन कुमार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक एक एवं सहायक प्राध्यापक आकांक्षा मरकाम एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी इकाई क्रमांक दो के मार्गदर्शन तथा ईको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता भेदूराम साहू कृषि विस्तार अधिकारी गुरूर ने कहा कि पृथ्वी दिवस पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता को बढ़ावा देता है।










